प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 17.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कल्पना सोरेन और चंपाई सोरेन करेंगे चुनावी रैली और सभाएं।

2- टेंडर घोटाला मामले में मंत्री आलमगीर आलम से ईडी ने रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ की शुरू, टेंडर के बदले कमीशन लेने का है आरोप।

3- मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत प्रचार–प्रसार किया गया तेज, राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये मतदान करने के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक।

4- जैक ने नौवीं और 11वीं बोर्ड का रिजल्ट किया जारी, राज्य के सरकारी स्कूलों में अब सात जून तक गर्मी छुट्टी की घोषणा।

5- आईसीसी ने की पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए आधिकारिक अभ्यास मैचों के कार्यक्रम की घोषणा, 27 मई से 1 जून तक अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होगा अभ्यास मैच।

*************************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में रांची के चुटिया में रोड शो करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री मोदी 19 मई को फिर झारखंड आएंगे। वह जमशेदपुर से भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के समर्थन में घाटशिला में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री अब तक झारखंड में पांच चुनावी सभा व राजधानी रांची में रोड शो कर चुके हैं। इधर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरायकेला जिले के इचागढ़ प्रखंड में रांची से महागठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इधर झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन आज पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी।

*************************

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज हजारीबाग के केरेडारी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा का आयोजन केरेडारी स्थित कृषि फॉर्म मैदान में शाम छह बजे से किया गया है। इस अवसर पर रांची विधायक सीपी सिंह, लोकसभा प्रभारी शशिभूषण भगत, लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता भी मौजूद रहेंगे।

*************************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज राजमहल और कोडरमा लोकसभा में तीन जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मरांडी राजमहल, पाकुड़ के अलावा गिरिडीह में जनसभा को संबोधित करेंगे।

*************************

अंतिम चरण नाम वापसी लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नाम वापस लेने का आज अंतिम दिन है। इस चरण में झारखंड की तीन सीटों सहित सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इस चरण के लिए अगले महीने की पहली तारीख को मतदान होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

*************************

सरायकेला जिला निर्वाचन पदाधिकारी रविशंकर शुक्ला ने समाहरणालय सभागार में रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सभी सेक्टर पदाधिकारी के साथ बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 25 मई को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए।

*************************

चतरा लोक सभा क्षेत्र के 18 लाख 85 हजार 462 मतदाता 20 मई को मतदान के दिन अपना वोट डालेंगे। पिछले लोक सभा चुनाव की तुलना में इस बार चतरा लोक सभा क्षेत्र के मतदाताओं की संख्या में करीब 18

प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मतदाता संख्या की वृद्धि में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। वहीं युवा मतदाताओं की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

*************************

टेंडर घोटाला मामले में मंत्री आलमगीर आलम से ईडी ने पूछताछ शुरू कर दी है। उन्हें कुछ देर पहले ही रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा जेल से ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय लाया गया। मंत्री आलमगीर पर टेंडर के बदले कमीशन लेने का आरोप है। बता दें कि पिछले दिनों मंत्री के सहायक संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर के घर से करीब 32 लाख नगद बरामद किए गए थे।

*************************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने दोनों के पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। बता दें कि ईडी की दाखिल चार्जशीट पर पीएमएलए कोर्ट की विशेष अदालत ने समन जारी किया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों ने अग्रिम जमानत की याचिका दर्ज की थी।

*************************

13 मई को सिमडेगा में हुए मतदान के बाद अब स्थानीय लोग मतगणना की तिथि का इंतजार कर रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउण्ड बाईट – मनोज कुमार सिन्हा, सिमडेगा – 49 सेकेण्ड

*************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
<u>वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।</u>
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*************************

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय परिसर से 6 जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता वाहनों पर लगे लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रत्येक प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर लोगों को मतदान की तिथि की जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर कई प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

*************************

मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए रांची के मोराबादी में स्वीप के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली मोरहाबादी मैदान से शुरू होकर कचहरी चौक, फिरयालाल चौक होते हुए सुजाता चौक और फिर वापस मोरहाबादी मैदान पहुंची। सभी पदाधिकारियों ने रांची के मतदाताओं से 25 मई को ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट करने की अपील की।

*************************

झारखंड अधिविद्य पर्षद, जैक बोर्ड आज नौवीं और ग्यारहवीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट जैक की वेबसाइट पर देख सकेंगे। वहीं स्करी स्कूलों में अब सात जून तक गर्मी की छुट्‌टी रहेगी। जैक ने इसके लिए पत्र जारी कर दिया है। जारी पत्र में कहा गया है कि स्कूलों में इस वर्ष एक से पांच जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है।

*************************

सरायकेला–खरसावां जिले के चौका थाना क्षेत्र अंतर्गत कांड्रा–चौका मुख्य मार्ग पर 10 से भी अधिक ट्रक चालकों के साथ लुटेरों ने मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। लूटपाट की घटना से आक्रोशित दर्जनों ट्रक चालकों ने देर रात कांड्रा–चौका मुख्य मार्ग को जाम कर दिया।

*************************

लातेहार जिले के बालूमाथ में अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष सत्यम ने बताया कि आपसी विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

*************************

कोडरमा के सैनिक स्कूल तिलैया में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ हो गया। उद्घाटन कार्यक्रम की शुरूआत सैन्य छात्रों के मार्च पास्ट के साथ हुआ। इस दौरान सभी टीमों ने अपने–अपने विद्यालय ध्वज के साथ परेड किया तथा खेल–भावना की शपथ ली। अखिल भारतीय स्तर पर सैनिक स्कूलों के आठ ग्रुपों के कुल 19 विजयी सैनिक स्कूलों की 24 टीमें और 500 सैन्य छात्र–छात्राएं इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं।

*************************

आईसीसी ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए आधिकारिक अभ्यास मैचों के कार्यक्रम की घोषणा कल देर रात कर दी है। मैच 27 मई से 1 जून तक अमेरिका और वेस्ट इंडीज में में खेले जाने हैं। अभ्यास मैच 20–20 ओवर के खेले जाएंगे और इन्हें अंतरराष्ट्रीय टी20 दर्जा नहीं होगा क्योंकि टीमों को अपने 15–खिलाड़ियों वाले दल के सभी सदस्यों को मैदान में उतारने की अनुमति होगी।

*********समाप्त*********